<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- पाकिस्तान ने की भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश, जवाबी हमले में भारतीय सेना ने ड्रोन–मिसाइल और युद्धक विमान मार गिराये, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह।
- भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालत के बाद झारखंड में हाई अलर्ट, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों की बढ़ायी गयी सुरक्षा, मुख्यमंत्री ने कहा– देश की एकता अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी, मंत्रपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- 800 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में ईडी ने जमशेदपुर के एक कारोबारी को किया गिरफ्तार, डिजिटल उपकरण और निवेश के कई दस्तावेज बरामद।
- जेएससीए अंतर जिला महिला टी–20 क्रिकेट का खिताब देवघर ने जीता, फाइनल में हजारीबाग को 10 विकेट से दी शिकस्त।

*****************

पाकिस्तान ने कल रात जम्मू सहित भारत के करीब 11 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की। इस दौरान पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से भारतीय क्षेत्रों में हमला किया। उसने जम्मू, अखनूर, पठानकोट, सांबा, रजौरी, पुंछ, तंगधार और जैसेलमेर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में गोले भी बरसाये। रक्षा अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तान के इस नापाक हमले को नाकाम कर दिया गया। पाकिस्तान के ड्रोन मिसाइल और युद्धक विमानों को एस–400 वायु रक्षा प्रणाली से मार गिराया गया। मीडिया रिपोर्टो के मुताबिक भारत ने जवाबी हमले में लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया है।

*****************

पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले के बाद देर रात रांची में भी देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। लोग हाथों में तिरंगा लेकर अलबर्ट एक्का चौक पहुंच गये और भारत के समर्थन में नारे लगाये। लोगों ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना की।

*****************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार देश की सुरक्षा के लिए केन्द्र और सेना द्वारा लिये गये सभी निर्णयों में साथ है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

*****************

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच झारखंड में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रांची में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए स्निफर डॉग का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ दोनों अलर्ट मोड में हैं।

*****************

राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि अब राज्यकर्मियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

*****************

प्रवर्तन निदेशालय ने 800 करोड़ से अधिक के जीएसटी घोटाले में जमशेदपुर के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले कल जांच एजेंसी ने रांची और जमशेदपुर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी अभियान में मिले साक्ष्यों के बाद देर शाम ईडी ने जमशेदपुर के कारोबारी अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर

लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में ईडी ने कई डिजिटल उपकरण और निवेश के दस्तावेज बरामद किये हैं।

*****************

हजारीबाग में शहरी महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि समूह के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

*****************

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 10 मई को हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रधान जिला जज रणजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि लंबित वादों के निष्पादन को लेकर पूरे देश में एक साथ लोक अदालतें लगेंगी।

*****************

चतरा जिले के पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

मौसम विभाग ने कल से गोड्डा, साहिबगंज और दुमका समेत राज्य के आठ जिलों में लू चलने की आशंका व्यक्त की है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का अनुमान है।

*****************

बोकारो जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित जेएससीए अंतर जिला महिला अंडर 15 टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब देवघर ने जीत लिया है। फाइनल मैच में देवघर की टीम ने हजारीबाग की टीम को 10 विकेट से पराजित कर दिया।

*****************

<u>अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पाकिस्तान के नापाक हमले को भारत द्वारा विफल करने की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पाक का गुरुर चूर–चूर।

दैनिक भास्कर ने रॉबर्ट प्रीवोस्ट को नया पोप चुने जाने की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में नौ ठिकानों पर ईडी का छापा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– बालू घाटों की होगी खुली नीलामी, डीएसपीएमयू का नाम अब वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय होगा।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भारतीय सेना द्वारा लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम तबाह करने की खबर को प्रमुखता दी है।

******समाप्त*******